वृषभानु दुलारी श्री राधे

हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी,
वृषभानु दुलारी श्री राधे,
ऊँची पहाड़ी तेरी अटारी,
वृषभानु दुलारी श्री राधे....

बरसाने की पावन धरती के कण कण में श्री राधे,
गूँज रहा है जल में थल में पवन गगन में श्री राधे,
ब्रह्मा जी पूजे शंकर जी पूजे पूजें कुञ्ज बिहारी श्री राधे,
हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी,
वृषभानु दुलारी श्री राधे.....

स्वास स्वास में रमती जाऊं नाम तुम्हारा श्री राधे,
सबसे उत्तम सबसे पावन जाप तुम्हारा श्री राधे,
संतन जपत है भक्तन जपत है जपत बिहारी श्री राधे,
हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी,
वृषभानु दुलारी श्री राधे.....

श्री राम की तुम प्रिय सीता कान्हा की तुम श्री राधा,
गुण तेरे गाये बबिता हर पल जीवन में ना हो बाधा,
धरती भी बोले अम्बर भी बोले बोले दुनिया ये साड़ी श्री राधे,
हमको भी प्यारी तुमको भी प्यारी,
वृषभानु दुलारी श्री राधे......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28735/title/vrishbhanu-dulari-shree-radhe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |